आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 27.12.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।

2— केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक—छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य प्रणालियों को सशक्त करने पर दिया जोर।

3— रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक स्थित धौराभाठा में आज भू—अधिग्रहण और उत्खनन परियोजना का विरोध करने पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस के बीच झूमाझटकी।

और

4— प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

..........

मुख्य सचिव–राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आज मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। वे कल भी सम्मेलन की अध्ध्यक्षता करेंगे। कल से शुरू हुए तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत् बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन केंद्र और राज्य को एक मंच पर लाकर, देश की मानव पूंजी क्षमता और समावेशिता को बढ़ाने तथा भविष्य में विकास की गति तेज करने के लिए एकीकृत रोडमैप तैयार करेगा। सम्मेलन में 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' विषय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पांच प्रमुख क्षेत्रों – प्रारंभिक बाल्यावस्था, स्कूली और उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों पर चर्चा होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री–बैठक

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्रियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, रोगी संतुष्टि बढ़ाने, नियामकीय निगरानी को मजबूत करने और टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य प्रणालियों को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें औषधि विनियमन, निदान सेवाएं, रोग प्रबंधन और क्षमता निर्माण शामिल है।

बैठक में श्री नड्डा ने बताया कि केन्द्र सरकार, छत्तीसगढ़ को आवश्यक तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और हैंडहोल्डिंग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विशेष रूप से कुष्ठ रोग प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। श्री नड्डा ने प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों पर जोर देते हुए कहा कि टेलीमेडिसीन दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों, विशेषकर छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने टेलीमेडिसीन प्लेटफॉर्म को नियमित सेवा वितरण में और अधिक एकीकृत करने को कहा।

बैठक में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेगी।

## वीर बाल दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल वीर बाल दिवस के अवसर पर रायपुर में छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी द्वारा आयोजित वीरता सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के चार वीर साहसी बालकों को सम्मानित किया। इनमें साहिब फतेह सिंह वीरता पुरस्कार प्रेमचंद साहू, साहिबजादा जोरावर सिंह वीरता पुरस्कार कुमारी अंशिका साहू, साहिबजादा जुझार सिंह वीरता पुरस्कार कुमारी कांति सिंह और साहिबजादा अजीत सिंह वीरता पुरस्कार ओम उपाध्याय को दिया गयझं

## जनजाति गौरव दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल राजनांदगांव जिले के गोड़लवाही में अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी महासभा द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य

में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि जनजातीय समाज के इतिहास केवल समृद्ध नहीं, बल्कि प्रेरणादायी रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने शहीद गैंदसिंह नायक की मूर्ति का अनावरण किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय उपस्थित थे।

ऊर्जा सुधार–विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों की बात करे, तो वर्ष दो हजार पच्चीस भारत के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। इस क्षेत्र में सुधार बहुत चुनौतीपूर्ण काम होता है, क्योंकि इसमें क्षमता विस्तार के साथ संस्थानों को मजबूत बनाने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को स्थापित करने के साथ ही कानूनों में भी संशोधन की जरूरत पड़ती है। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए ऊर्जा के क्षेत्र में सुधारों को संकल्प से सिद्धि में परिवर्तित किया है।

देश के जाने–माने ऊर्जा विशेषज्ञ और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द शुक्ला ने कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस में भारत में ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

इस पूरी बातचीत को आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम

आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण होगा।

महिला सम्मेलन

मुंगेली जिले में लोरमी डिंडौरी मंडल के साल्हेघोरी में विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित किया है। सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गर्व से जुड़ा आंदोलन है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि केन्द्र सरकार की उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत अभियान और लखपति दीदी योजना जैसे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से महिलाओं में नये उत्साह, आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है। केन्द्र सरकार की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

नगरीय निकाय–संपत्ति कर

राज्य सरकार ने तिरपन नगरीय निकायों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा प्रदान की है। इससे लोग अपने घर या कार्यस्थल से किसी भी समय अपने संपत्ति कर का भुगतान

कर सकते हैं। पहले राज्य के केवल सात नगर निगमों – रायपुर, दुर्ग, रिसाली, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में ही ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा थी। बाद में तीन और नगर निगमों – बिरगांव, भिलाई–चरोदा और धमतरी के साथ ही तैंतालीस नगर पालिकाओं में भी इस सुविधा की शुरूआत की गई है। जीआईएस आधारित प्रापर्टी टैक्स लाइव पोर्टल के जरिये अब प्रदेशभर के तिरपन नगरीय निकायों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा किए जा सकते हैं।

भू–अधिग्रहण–झूमाझटकी

रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक स्थित धौराभाठा में आज भू–अधिग्रहण और उत्खनन परियोजना का विरोध करने पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पार्टी पर पथराव किया। वहीं, बस सहित कई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पथराव में महिला थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है।

गौरतलब है कि जिले में एक निजी उद्योग को गारे–पेलमा सेक्टर–एक कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

यूपीएससी–प्राक्चयन परीक्षा

राजीव युवा उत्थान योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए कल प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए राजधानी रायपुर में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

आदिम जाति विकास विभाग ने बताया कि इस परीक्षा में एक हजार सतयासी परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है। राजधानी के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में तीन

सौ छियासी और सड्डू स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में सात सौ एक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर बारह बजे से दो बजे तक आयोजित की जाएगी।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''गरियाबंद'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

– दसवें सिख गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह का आज तीन सौ उनसठवां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामनाएं दी हैं।

– रायपुर के मैग्नेटो मॉल में बीते चौबीस दिसंबर को हुई तोड़फोड़ की घटना के मामले में तेलीबांधा पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरफ्तारी के विरोध में बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

– जशपुर जिले में काईकछार के पास बीती रात दो ट्रकों के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में दोनों ट्रक चालकों की मृत्यु हो गई।

और

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम भर्रीडांड में बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>